पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 13.04.2023	पृष्ठ सं0 (Page No). 8	क्रम सं0(Serial No.) 03

सीआईएसएफ ने शूरवीरों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): सीआईएसएफ द्वारा राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शूरवीरों को श्रृद्धांजलि अर्पित करने और उनके परिवारजनों को सम्मानित करने के लिए एक स्मरण कार्यक्रम राष्ट्रीय पुलिस स्मारक (एनपीएम), चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, चाणक्यपुरी और सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में एक दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन कर सीआईएसएफ द्वारा शूरवीरों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सीआईएसएफ के 127 बलिदानियों को स्मरण किया गया।